**7.1.1 Institution has initiated the Gender Audit and measures for the promotion of gender equity during the last five years.**

## COLLEGE WOMEN CELL

Diamond Jubilee Year (2023-24)

GOVT. RAZA POST GRADUATE COLLEGE, RAMPUR

Re-Accredited 'B' by NAAC (3rd Cycle)

Affiliated by M.J.P Rohilkhand University, Bareilly

## Women Cell

### Women Cell

| S.No. | Name | Work Distribution |
|---|---|---|
| 1. | Dr Jagrati Madan Dhingra | Chief Proctor |
| 2. | Dr Seema Teotia | IQAC/NAAC Coordinator |
| 3. | Dr Meenakshi Gupta | Convenor, Women Cell |
| 4. | Dr Ajita Rani | Convenor, Disha, Guidance and Mentoring Cell |
| 5. | Dr Suman Lata | President, IIC |
| 6. | Dr Kusum Lata | HoD, Sanskrit, Women Cell |
| 7. | Dr Baby Tabassum | Co-Convenor, Women Cell |
| 8. | Dr Renu | HoD, English, Women Cell |
| 9. | Dr Deepmala Singh | Member, Eco Magnetic Club |
| 10. | Dr Pratibha Shrivastava | Member, Eco Magnetic Club |
| 11. | Dr Reshma Parveen | Member, Women Cell |
| 12. | Dr Zaibi Naaz | Member, Women Cell |
| 13. | Dr Rekha Kumari | Member, Women Cell |
| 14. | Dr Iram Naeem | Leader, NSS |
| 15. | Dr Maya Bharti | Leader, Rangers |
| 16. | Dr Shakshi Tyagi | Member, Women Cell |
| 17. | Dr Rekha Kumari | Member, Women Cell |
| 18. | Dr Akansha Kumari | Member, Disha, Guidance and Mentoring Cell |
| 19. | Dr Khushboo | Member, Disha, Guidance and Mentoring Cell |
| 20. | Dr Monika Khanna | Member, Women Cell |
| 21 | Dr Vandana Sharma | Member, Women Cell |
| 22 | Dr Nidhi Gupta | AISHE, Incharge |
| 23 | Dr Menu Chaudhary | Member, Women Cell |
| 24 | Dr Neha Nagpal | Member, Women Cell |
| 25 | Dr Soniya Yadav | Member, Women Cell |
| 26 | Dr Shihada Parveen | Member, Women Cell |

Dr Deepa Agarwal


Principal

# GIRLS COMMON ROOM AREA






## SANITARY PAD MACHINE INSTALLED IN GIRLS COMMON ROOM




## DISHA COUNSELLING AND GUIDANCE CELL



GOVT. RAZA P.G. COLLEGE,
RAMPUR
UNDER THE AEGIS OF IQAC

10.02.2024

## ABOUT DISHA - WOMEN'S CELL AT GOVERNMENT RAZA PG COLLEGE RAMPUR

DISHA, THE WOMEN'S CELL AT GOVERNMENT RAZA PG COLLEGE RAMPUR, IS DEDICATED TO EMPOWERING WOMEN, FOSTERING GENDER SENSITIZATION, AND ADVOCATING FOR GENDER EQUALITY ON CAMPUS. WITH A VISION TO ENABLE WOMEN TO REALIZE THEIR TRUE POTENTIAL AND CONTRIBUTE TO SOCIAL AND ECONOMIC CHANGE, DISHA STRIVE FOR THE HOLISTIC DEVELOPMENT OF WOMEN IN ALL ASPECTS OF LIFE.

### Vision

Disha envisions empowering women to become catalysts for social and economic change, while instilling ethical values for personal, familial, and societal betterment.

### Mission

Disha's mission is to equip women with a diverse range of skills and knowledge, enhancing their social, economic, and intellectual capabilities for the peace, security, and prosperity of society.

### Objectives

1. Sensitize students on pressing gender issues.
2. Raise awareness of significant social issues to ensure holistic student education.
3. Educate, empower, and implement preventive measures against gender bias and sexual harassment.
4. Provide knowledge on the legal rights of women.
5. Organize guest lectures by eminent personalities from various fields.
6. Conduct workshops on personality development.

### Activities

1. Regular meetings to discuss pertinent issues.
2. Offer career guidance and counseling services.
3. Conduct health awareness classes.
4. Provide education on community living.
5. Organize events commemorating International Women's Day.
6. Celebrate women's achievements and contributions.

Chairperson : Ms. Prof. Deepa Agarwal
Secretary. : Ms. Dr. Ajita Rani/ Prof. Meenakshi Gupta

# INTERNATIONAL WOMEN'S DAY






## NATIONAL WOMEN'S DAY




## WOMEN CELL MEETINGS




GPS Map Camera
Dungarpur, Uttar Pradesh, India
Sabji Mandi St, Dungarpur, Uttar Pradesh 244901, India
Lat 28.833426° Long 79.041489°
02/03/23 03:17 PM
GRPGC Rampur III rd Women Cell Meeting


GPS Map Camera
Dungarpur, Uttar Pradesh, India
Sabji Mandi St, Dungarpur, Uttar Pradesh 244901, India
Lat 28.833426° Long 79.041489°
19/05/23 01:32 PM
GRPGC IIIrd Meeting

# 72 CCTV CAMERAS FOR SURVEILLANCE


















# PROMOTION OF GENDER EQUALTY

## राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर (उ०प्र०)

(नैक तृतीय चक्र पूर्ण)

**उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश के मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत**

**ई- संगोष्ठी**


**18.10.2020**

**समय- 4:00-6:00 सांय**

**कार्यक्रम रूपरेखा**

| क्र० संख्या | कार्यक्रम विवरण | वक्ता | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्यक्रम परिचय | डा० मोनिका खन्ना | 4:00 सांय |
| 2 | स्वागत गीत | माधुरी रघुवंशी | 4:05 सांय |
| 3 | स्वागत उद्बोधन | प्राचार्य जी -डा० पी०के० वार्ष्णेय | 4:10सांय |
| 4 | मुख्य वक्ता | डा० प्रीति गौतम<br>पूर्व निदेशक, उच्च शिक्षा | 4:20 सांय |
| 5 | विशेषज्ञ वक्ता | डा० ऐ० पी० सक्सेना<br>पूर्व प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, बिलासपुर | 4:40 सांय |
| 6 | मार्शल आर्ट प्रशिक्षण | डा० मुजाहिद अली | 5:00 सांय |
| 7 | बालिका सुरक्षा शपथ | डा० मुजाहिद अली | 5:55 सांय |
| 8 | धन्यवाद ज्ञापन | डा० विनीता सिंह | 6:00 सांय |
| 9 | समापन | समूह राष्ट्रीय गान | |

कार्यक्रम संचालन :डा० सैय्यद अब्दुल वाहिद शाह



कार्यालय, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर।

दैनिक आख्या दिनांक 18/10/2020

आज दिनांक 18 अक्टूबर 2020 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में मिशन शक्ति अभियान के द्वितीय दिवस पर **महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं सम्मान** हेतु वेबिनार के माध्यम से दो सत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें प्रथम सत्र में शारीरिक शिक्षा, बी एड, अर्थशास्त्र और वाणिज्य विभाग द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा एवं शिक्षकों का अभिविन्यास के अन्तर्गत महिला एवं बालिका सुरक्षा पर विचार विमर्श किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी.के. वार्ष्णेय ने इस मिशन शक्ति अभियान के स्वागत संबोधन में कहा कि बड़े हर्ष का विषय है कि शारदीय नवरात्र के अवसर पर महाविद्यालय में मिशन शक्ति अभियान का आयोजन किया जा रहा है। हमारे देश में प्राचीन काल से ही नारी को शक्ति का प्रतीक माना जाता है। मां दुर्गा , मां अम्बे ,मां गौरी इत्यादि शक्ति की 9 देवियां हैं। नवरात्रों में इन्हीं देवियों को महिला

शक्ति के रूप में पूजा जाता है। आज के भौतिक युग  जब नैतिक मूल्यों का पतन हो रहा है तब महिला और बालिका सुरक्षा समाज के प्रत्येक व्यक्ति समाज की जिम्मेदारी है।

तत्पश्चात महाविद्यालय के समस्त महिला एवं पुरुष प्रध्यापकगण, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर, रोवर रेंजर्स एवं शारीरिक शिक्षा के सभी छात्र छात्राओं ने इस अवसर पर डॉ मुजाहिद अली सभी अभिवावकों को समाज में महिला और बालिका सुरक्षा एवं सम्मान हेतु शपथ भी दिलाई ।

इस मिशन शक्ति अभियान के द्वितीय सत्र में पूर्व निदेशक उच्च शिक्षा डॉ. प्रीति गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि, महिला और बालिकाओं के प्रति अपराध करने वालों को कठोर सज़ा का प्रावधान होना चाहिए।

वर्तमान समय में महिलाएं जंहा जीवन के सभी क्षेत्रों में बढ़ चढ़कर उपस्थिति दर्ज करा रही हैं, तो वही महिलाओं के प्रति भारत में अनेक हिंसक अपराध बढ़ते जा रहे हैं। जिनके लिए कठोर सजा का प्रावधान होना आवश्यक है। सभी महिलाओं एवं बालिकाओं को अपने प्रति होने वाले अपराधों संबंधी सुरक्षा प्रावधानों की जानकारी होनी चाहिए, तभी वह समाज में सुरक्षित रह सकती हैं।

डॉ. ए. पी. सक्सैना ने इस वेबिनार में महिला एवं बालिका सुरक्षा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस हर जगह  उपस्थित नहीं हो सकती इसलिए महिला और बालिकाओं के प्रति अपराध रोकने के लिए सभी नगर और गांव में बुद्धिजीवी और उत्तरदायी लोगों का एक समूह बनाया जाना चाहिए जो कि समाज में  अपराधिक व्यक्तियों पर नजर रख सकें। ऐसे बुद्धिजीवी और उत्तरदायी समूह को राजकीय मान्यता होनी चाहिए। तभी समाज में महिला और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है

राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यह मिशन शक्ति अभियान दिनांक 17 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है।19 अक्टूबर को एनएसएस एनसीसी एवं रोवर्स रेंजर्स के तत्वाधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, 20 अक्टूबर को भूगोल इतिहास, राजनीति विज्ञान और वाणिज्य विभाग द्वारा पॉक्सो एक्ट एवं साइबर सुरक्षा, 21 अक्टूबर को हिंदी अंग्रेजी उर्दू और संस्कृत विभाग द्वारा कन्या भ्रूण हत्या और बाल विवाह, 22 अक्टूबर को जंतु विज्ञान  वनस्पति और रसायन विभाग द्वारा घरेलू हिंसा तथा बालिका सुरक्षा 23 अक्टूबर को गणित, मनोविज्ञान तथा भौतिकी विभाग द्वारा लिंग विभेद तथा इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग , 24 अक्टूबर को राष्ट्रीय कैडेट कोर के तत्वाधान में विश्व खाद्य दिवस एवं ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सुरक्षा जागरूकता एवं 25 अक्टूबर 2020 को शारीरिक शिक्षा विभाग एवं एनएसएस के तत्वाधान में मार्शल आर्ट का महिला सुरक्षा में उपयोग शीर्षक पर कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। महाविद्यालय में आयोजित एक सभी कार्यक्रम महिला सुरक्षा व सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे। साथ ही प्रत्येक दिन पूर्वाह्न  10 से 11 वेवीनार के अंत में एवं अपराह्न की वेवीनार में 5 से 6 बजे महिला आत्म रक्षा के लिए मार्शल आर्ट के अंत में अभिभावकों एवं छात्रों को महिला सुरक्षा सम्मान एवं समानता की शपथ दिलायी जाएगी।

मीडिया प्रभारी,
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रामपुर।






<u>**रिपोर्ट**</u>





दिनांक 19 अक्टूबर 2020 को राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत तृतीय दिवस पर **बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ** विषय पर संगोष्ठी का आयोजन दो सत्रों में किया गया प्रथम सत्र ( प्रातः 10:00 से 11:00 तक) का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर पीके वार्ष्णेय के भाषण द्वारा हुआ। छात्रा विशाखा द्वारा अत्यधिक सुंदर ढंग से सरस्वती वंदना का गायन किया गया। उसके पश्चात डॉ राम कुमार जी द्वारा गत 18 अक्टूबर 2020 को हुए कार्यक्रम की रिपोर्ट पड़ी गयी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एन एमएस एन दास कॉलेज बदायूं के शिक्षा विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ मनवीर सिंह रहे । मुख्य वक्ता डॉ मनवीर सिंह ने कहा कि बालिकाओं को लेकर हमारे समाज की सोच बदलने मात्र से ही बालिकाओं एवं स्त्रियों से जुड़ी सारी समस्याएं स्वतः ही समाप्त हो जाएगी ।**बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर हुई प्रतियोगिता** के परिणामों की घोषणा महाविद्यालय की चीफ प्रॉक्टर डॉ विनीता सिंह ने की **नारा लेखन प्रतियोगिता** में प्रथम स्थान वैष्णवी गुप्ता ने प्राप्त किया पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी अग्रवाल ने प्राप्त किया। तत्पश्चात डॉक्टर मुजाहिद अली द्वारा बालिका सुरक्षा शपथ दिलाई गई । धन्यवाद ज्ञापन डॉ बीके राय ने किया। प्रथम सत्र का समापन राष्ट्रगान के साथ








हुआ। प्रथम सत्र का कार्यक्रम परिचय एवं संचालन डॉ निधि गुप्ता द्वारा किया गया। दूसरे सत्र का आयोजन शाम 4:00 बजे से 6:00 बजे तक किया गया । इस सत्र का शुभारंभ छात्रा विशाखा द्वारा स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात महाविद्यालय की जंतु विज्ञान की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ जागृति मदान ढींगरा के द्वारा अतिथियों का स्वागत सम्मान भाषण द्वारा किया गया। द्वितीय सत्र के कार्यक्रम की मुख्य वक्ता *कैप्टन डॉक्टर मीनू मेहरोत्रा हिंदू कॉलेज मुरादाबाद की साइकोलॉजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर रही। कैप्टन डॉक्टर मीनू मेहरोत्रा ने कहा की महिलाओं को किसी भी प्रकार की सामाजिक प्रताड़ना नहीं झेलनी चाहिए । उनका खुलकर विरोध करना चाहिए और ऐसा केवल तभी संभव होगा जो हमारी बेटियां महिलाएं शिक्षित होंगी। इसलिए अधिक से अधिक लड़कियों को शिक्षित करना चाहिए । मुख्य वक्ता के व्याख्यान के बाद शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक एवं मिशन शक्ति के जिला नोडल अधिकारी , रामपुर डॉक्टर मुजाहिद द्वारा मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। ट्रेनिंग के इस सत्र में छात्राओं को






मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग से संबंधित बारीकियों के बारे में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ निधि गुप्ता , रोवर्स रेंजर्स डॉक्टर रेनू सिंह, एनसीसी प्रभारी डॉ प्रवेश कुमार द्वारा मार्शल आर्ट के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात बालिका सुरक्षा शपथ डॉक्टर मुजाहिद द्वारा दिलाई गई। धन्यवाद ज्ञापन डॉ आर के सागर द्वारा किया गया । कार्यक्रम का संचालन एवं रूपरेखा डॉक्टर प्रवेश कुमार द्वारा प्रस्तुत की गई। द्वितीय सत्र का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। तृतीय दिवस के कार्यक्रम के संरक्षक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी के वार्ष्णेय एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ राम कुमार एवं डॉ राम किशोर सागर रहे ।






कार्यालय, राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर, उत्तर प्रदेश।
'मिशन शक्ति' विशेष अभियान फेज-4 (दिनांक 14/10/2023 से 24/10/2023 तक)

दिनांकः 23.10.2023

आनलाइन संगोष्ठी बिषय - **लैंगिक समानता**

शासन के पत्रांक संख्या:1407/छः-पृ.15/2023 दिनांक 11/10/2023 के अनुपालन में शारदीय नवरात्र के अवसर पर मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-4 को पूर्ण उत्साह के साथ आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज दिनांक 23/10/2023 को प्राचार्य डॉ. दीपा अग्रवाल के सरंक्षण में "**लैंगिक समानता**" विषय पर आनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ता डॉ माया भारती ने लैंगिक समानता तथा जेंडर के अर्थ को स्पष्ट करते हुए लैंगिक समानता के लिए हुए विभिन्न संवैधानिक तथा कानूनी प्रवधानो का विश्लेषण किया। तथा सबसे ज्यादा जरूरी लैंगिक समानता को समाजिक स्तर स्वीकार करने की बात कही। इस कार्यक्रम में डॉ. वन्दना शर्मा ने नवरात् पर्व को महिला शक्ति से जोड़ कर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। तथा परिसर, कार्यस्थल एवं सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के प्रति होने वाले भेदभाव, अपराध और उनके विभिन्न स्वरूपों के बारे में सचेत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ माया भारती (राजनीति विज्ञान विभाग) द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों सहित छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही। धन्यवाद ज्ञापन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ ईरम नईम एवं रिपोर्ट संकलन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आकांक्षा ने किया।














**राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर।**


**'मिशन शक्ति अभियान' षष्ठम दिवस रिपोर्ट:**


आज दिनांक 22 अक्टूबर, 2020 को 'मिशन शक्ति अभियान' के षष्ठम दिवस पर **'घरेलू हिंसा व घरों में बालिका सुरक्षा'** विषय पर एक ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन दो सत्रों में किया गया और उनके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।जंतु विज्ञान,वनस्पति विज्ञान एवं रसायन विज्ञान के तत्वाधान और डॉ.सहदेव एवं डॉ. हितेंद्र कुमार सिंह के संयोजन में आयोजित इस संगोष्ठी के दोनों सत्रों का परिचय एवं संचालन डॉ.बेबी तबस्सुम द्वारा किया गया। दोनों सत्रों में महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य डॉ. पी. के. वार्ष्णेय ने अतिथियों का अभिनंदन करते हुए सभी प्राध्यापकों एवं छात्र- छात्राओं को मनोयोग से मिशन शक्ति अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया व अपने आशीर्वचनो से कार्यक्रम को ऊर्जावान बना दिया।प्रथम सत्र (प्रातः 10:00-11:00 बजे)का शुभारंभ महाविद्यालय की छात्रा विशाखा आनंद द्वारा सरस्वती मां की आराधना के साथ हुआ।








तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत उद्बोधन डॉ.कुसुम लता द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन के पश्चात डॉ. निधि गुप्ता द्वारा गत दिवस की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। प्रथम सत्र की मुख्य वक्ता, समाज सुधारक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता, रामपुर गीता अग्रवाल जी द्वारा बच्चों के साथ किए गए यौन अपराध से संबंधित 'पास्को एक्ट' के तहत दिए गए उपचारों और महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कानूनों पर गंभीर प्रकाश डाला गया। मुख्य शास्ता और 'मिशन शक्ति अभियान' की समन्वयक डॉ. विनीता सिंह ने छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए संगोष्ठी के विषय पर आधारित **कविता लेखन और नारा लेखन** के परिणाम घोषित किए। तत्पश्चात डॉ.मुजाहिद अली,जिला नोडल अधिकारी,मिशन शक्ति अभियान एवं महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी द्वारा बालिका सुरक्षा शपथ दिलाई गई। प्रथम सत्र में डॉ. दीपमाला सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया और समूह राष्ट्रगान के द्वारा इसका समापन हुआ। द्वितीय सत्र (सायं 4:00 से 6:00 बजे)का शुभारंभ डॉ.बेबी तबस्सुम के सफल संचालन और महाविद्यालय की छात्रा माधुरी रघुवंशी के स्वागत गीत के साथ हुआ। इस सत्र में स्वागत उद्बोधन महाविद्यालय के परीक्षा प्रभारी डॉ.एस.एस.यादव जी द्वारा किया गया। द्वितीय सत्र की मुख्य वक्ता डॉ. शहला नुसरत किदवई, प्राचार्य,राजकीय महाविद्यालय,तिलहर ने 'महिला हिंसा एवं घरों में बालिका सुरक्षा' विषय पर अत्यंत ही सार्थक और गंभीर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की विशिष्ट वक्ता डाॅ. बेबी तब्बसुम ने घरेलू हिंसा के खिलाफ़ कानूनी उपचारों पर गहन प्रकाश डाला।तदोपरांत डाॅ. वी. के. राय द्वारा घरेलू हिंसा एवं बालिका सुरक्षा पर प्रकाश डालने के साथ योग का प्रशिक्षण दिया गया। इसके पश्चात डाॅ. मुजाहिद अली द्वारा सभी को बालिका सुरक्षा शपथ दिलाई गई। द्वितीय सत्र का धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रतिभा श्रीवास्तव द्वारा किया गया और सामूहिक राष्ट्रगान के साथ इस पूरे कार्यक्रम का समापन हुआ।








नारा लेखन
Save Girl Child
Right to Born
Female Foeticide is a CRIME


घरेलू हिंसा पर कविता





Government Raza P.G. College, Rampur
कविता लेखन प्रतियोगिता
" घरेलू हिंसा व घरों में बालिका सुरक्षा "
Zainab Danish
B.Sc Bio 1 (2019-20)
7078036945


Government Raza P.G. College, Rampur
नारा लेखन प्रतियोगिता
" घरेलू हिंसा व घरों में बालिका सुरक्षा "
स्त्री बनकर पैदा हुई
बस मेरा यही
दोष है,
मुझे मारकर, जलाकर
अपना शिकार बना-
कर भी पुरुष क्यों
निर्दोष है ?
Zainab Danish
B.Sc Bio 1 (2019-20)
7078036945


घरेलू हिंसा
कविता
जिस पायल को तुमने अपने
हाँथों से पहनाया था,
पता नहीं क्यूँ अब बेड़ियाँ
सी लगती हैं।
जिन बाँहों में तुमने गले से
लगाया था,
पता नहीं क्यूँ अब वो मुझे
जंजीरों सी जकड़ती हैं।
सात फेरों का बंधन अब
कारावास सा लगता है,
मृत्युदण्ड ही देदो अब
एक बार में;
हृदय रोज़ तिल तिल मरता है।
Muskan Khan
B.Sc 1st year


"नारा - लेखन"
विषय - "घरेलू हिंसा व घरों में बालिका सुरक्षा"


"अपने कर्तव्यों संग नारी भर रही है
अब उड़ान,
ना है कोई शिकायत ना कोई थकान,
यही है नारी की पहचान।"

"मिशन - शक्ति"

Name - Vaishnavi
Class - B.Sc III

विषय :- "घरेलू हिंसा व घरों में बालिका सुरक्षा"

# "मेरी स्वरचित कविता"

1. "मन विह्वल है नित व्यथा, क्षुब्ध।
स्तब्ध हुआ मस्तिष्क मनन॥
संघर्षशील है पीड़ादायक।
अतिकष्टदायी नारी जीवन।"

2. जिसके बल है प्रति प्राणी मात्र।
नारी है सृष्टि का उद्बोधन॥
सक्षम जो सबल नव सृजन में।
अबला जग का उसे सम्बोधन॥

3. "नारी क्यूँ भला स्वच्छन्द नहीं।
प्रतिक्षण नयनों में अश्रु क्रन्दन॥
प्रशस्त मार्ग गृह भीतर की।
घेरे सीमा रेखाओं का बन्धन॥"

4. "जग की नारी पर कुदृष्टि।
छवि कलुषित और कलंकित है॥
पुरुषप्रधान समाज सन्देहदृष्टि।
झूठी मर्यादाओं की अंकित है॥"

5. "जग ने न उसे सम्मान दिया।
कोई न उचित स्थान दिया॥
जन्मी ही तो जिस गृह भीतर।
उस गृह ने भी प्रस्थान दिया॥"

6. "कितने गम सहकर टूटी है।
वो अपनों से ही छूटी है॥
उसका कोई स्व निवास नहीं।
क्यूँ किस्मत उसकी फूटी है।"

7. "वो कभी जली अंगारों में।
कभी बिक जाती बाजारों में॥
शारीरिक प्रहार सहकर भी।
है जीवित रहती दुर्व्यवहारों में॥"

8. "भेद डाला अन्तरिक्ष मार्ग।
हर क्षेत्र प्रबल बनी सबला॥
चढ़ गयी नारी उच्च शिखरों पर।
फिर क्यूँ कहता उसे जग अबला॥"

"नारी सृजन का ..."

Bio Side


## Domestic Violence
## घरेलू हिंसा

"आँखों से छलकता पानी बंद कमरे की किवाड़ में
आज फिर से मारा उसको घरवाले ने बीच बाजार में
सोच रही वो बैठी यूँ कि जीवन क्यूँ हारा ऐसे प्यार में
कब तक ऐसा चलता रहेगा उसके तन मन विचार में

"डर लगता है अब तो पास जाने से
भी वाहों के हार में
तो चाहे नहीं फाँसी का फंदा वो डाल
"उसके गले में उस संसार में"
जिस शाम को मार खायी उसकी मनोगति के इंतजार में
क्यूँ औरत उसको बनाया उन पापियों के संसार में
शादी के बंधन बाँध के जग ने उसको छोड़ दिया
दुनिया के खेल में
अब तो है उसका रखवाला चाहे जहर दे अब
प्यार में
बात गरीबों की नहीं सदियों से चलता आया है
कि हर घर में घरेलू हिंसा का अपने तन पर ठप्पा
लगवाया है
कुछ ने जेवर के लिए कुछ ने बेटी के पैदा करने के लिए
यह ठप्पा लगवाया है
भाग के अब वह कैसे जायेगी अपने नन्हे बच्चों को
छोड़कर
ऐसे ही मर जायेगी एक दिन घरेलू हिंसा के
उस कफ़न को ओढ़कर

Areeba Khan
BSC - IInd year

# मिशन शक्ति अभियान के छठे दिन 'घरेलू हिंसा व घरों में बालिका सुरक्षा' विषय पर हुआ वेबिनार



**निर्वाण टाइम्स**

**रामपुर (मुजाहिद खान) :** राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति अभियान के छठवें दिन "घरेलू हिंसा व घरों में बालिका सुरक्षा" विषय पर वेबिनार का आयोजन विज्ञान संकाय, राजकीय रज़ा पी जी कॉलेज द्वारा किया गया। जिसमें प्राचार्य डॉ0 पी0के0 वार्ष्णेय ने स्वागत सम्बोधन में कहा कि 21 वी सदी ज्ञान, तकनीक एवं जागरूकता की सदी है, महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं के प्रति होने वाले उत्पीड़न यौन अपराध की रोकथाम में सोशल मीडिया प्रभावी भूमिका निभा सकता है।

मुख्य अतिथि वक्ता-वरिष्ठ अधिवक्ता गीता अग्रवाल एवं डॉ0 शहला नुसरत किदवई, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, तिलहर द्वारा बालक एवं बालिकाओं के साथ होने वाले यौन अपराध एवं घरेलू हिंसा की रोकथाम एवं उपचार तथा कार्यस्थल पर महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कानूनों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

मुख्य शास्ता एवं समन्वयक डॉ0 विनीता सिंह ने छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए संगोष्ठी के विषय पर आधारित कविता लेखन और नारा लेखन के परिणाम घोषित किए। वेबीनार के दोनों सत्रों का परिचय एवं संचालन क्रमश डॉ0बेबी तबस्सुम एवं एस एस यादव के द्वारा किया गया। डॉ0 निधि गुप्ता द्वारा गत दिवस की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। डॉ0मुजाहिद अली जिला नोडल अधिकारी-मिशन शक्ति अभियान द्वारा बालिका सुरक्षा शपथ दिलाई एवं मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण प्रदान किया। डॉ0 दीपमाला सिंह एवं डॉ0प्रतिभा श्रीवास्तव द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। मीडिया प्रभारी डॉ0 प्रदीप कुमार ने बताया कि ऑनलाइन वेबिनार में समस्त प्राध्यापक एवं एन सी सी, रोवर रेंजर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र भी सम्मलित हुए।

# राजकीय रज़ा पीजी कॉलेज में 'लिंग विभेद एवं इंटरनेट' विषय पर हुआ वेबिनार

**निर्वाण टाइम्स**

**रामपुर (मुजाहिद खान):** राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 30 प्र0 राज्य मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत'लिंग विभेद एवं इंटरनेट' विषय पर वेबिनार का आयोजन भौतिकी, गणित एवं मनोविज्ञान विभाग द्वारा किया गया।

प्राचार्य डॉ.पी. के.वार्ष्णेय ने स्वागत सम्बोधन में कहा कि वर्तमान समय महिला सशक्तिकरण का युग है। जिसमें लिंगभेद का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। लिंगभेद वह सामाजिक बुराई है जिसमे महिलाओं के साथ अन्याय, शोषण एवं व्यापक पक्षपात होता है। महिला सशक्तिकरण को व्यावहारिक रूप में परिलक्षित किये जाने का समय आ गया है।

मुख्य वक्ता डॉ0 सुनील चौधरी, एसो0 प्रोफेसर मनोविज्ञान के0 जी0 के0 कॉलेज, मुरादाबाद ने इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर अनजान लोगों से संबंध



न बनाएं और उनकी सोशल मीडिया फ्रेंड रिक्वेस्ट को भी स्वीकार न करें। इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग के लिए सभी अपने पासवर्ड को समय-समय पर बदलते रहें। साथ ही पासवर्ड बनाते समय यूनिट नंबर और अक्षर का प्रयोग अवश्य करें, जिससे आप की निजता भंग नहीं होगी और आप इंटरनेट जालसाजी का शिकार होने से बच जाएंगे।

डॉ. शैलेन्द्र कुमार ने छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए संगोष्ठी के विषय पर आधारित कविता लेखन और नारा लेखन प्रतियोगिता के विजेता छात्रों के परिणाम घोषित किए। कार्यक्रम परिचय डॉ मुदित सिंघल एवं संचालन क्रमश डॉ0सीमा तेवतिया एवं डॉ जहांगीर अहमद खान द्वारा किया गया। डॉ0एस. के. गौतम द्वारा गत दिवस की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। डॉ.मुजाहिद अली जिला नोडल अधिकारी-मिशन शक्ति, द्वारा बालिका सुरक्षा शपथ दिलाई गयी एवं डॉ वी के राय ने ऑनलाइन प्रदर्शन के द्वारा योग मुद्राएं एवं मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण प्रदान किया। डॉ.सुमन लता एवं डॉ मीनाक्षी गुप्ता द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

मीडिया प्रभारी डॉ प्रदीप कुमार ने बताया कि ऑनलाइन वेबिनार में समस्त प्राध्यापक एवं एन सी सी, रोवर रेंजर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र सम्मलित हुए।



# रजा डिग्री कॉलेज में महिला सुरक्षा एवं सम्मान पर पोस्टर हुआ प्रतियोगिता का आयोजन

**संवाददाता अमर आनंद**

रामपुर (मुजाहिद खान)। मिशन शक्ति अभियान के तहत राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला एवं बालिका सुरक्षा,सम्मान,स्वास्थ्य एवं पोषण पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजन किया गया।

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत डॉ रेशमा परवीन की संयोजकता में आयोजित इस पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम सिदरा शाहिद (बी0एससी–1),द्वितीय रोहन अली (बी0एससी–1) और तृतीय स्थान मरियम फैजान (बी0एससी 1) ने प्राप्त किया।जबकि सांत्वना पुरस्कार फरहीन (बी0ए0–2)ने प्राप्त किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ0 पी0 के0 वार्ष्णेय ने कहा कि मिशन शक्ति कार्यक्रम शारदीय नवरात्र 17 अक्तूबर से आरम्भ होकर ग्रीष्म नवरात्र तक आयोजित होगा,जिसके अंतर्गत अनेक गतिविधियां महिला सुरक्षा,स्वास्थ्य, पोषण,आत्मरक्षा कौशल,विधिक एवं कानूनी जागरूकता आदि विषयों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मीडिया प्रभारी डॉ प्रदीप कुमार ने बताया कि पोस्टर प्रतियोगिता में डॉ प्रतिभा श्रीवास्तव,डॉ0 दीपमाला सिंह, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ रामकुमार सिंह एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, छात्र छात्राएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महिलाओं के लिए आर्थिक सुरक्षा कानून पर ऑफलाइन सेमिनार का हुआ आयोजन

रामपुर (मुजाहिद खान)। राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिलाओं के लिए आर्थिक सुरक्षा कानून






पर सेमिनार हॉल में ऑफलाइन सेमिनार आयोजित किया गया।सेमिनार में भारत और वैश्विक परिदृश्य में महिलाओं की आर्थिक स्थिति का आकलन किया गया और विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया,जिससे उनकी आर्थिक स्थिति उन्नत हो सके।आज के युग में महिलाओं के पास संपत्ति,वैश्विक स्तर पर लगभग 5 प्रतिशत है और भारत में कार्यबल में महिलाओं का योगदान लगभग एक–तिहाई से भी कम है। संगठित क्षेत्र में यह प्रतिशत और भी कम हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्र में जो महिलाएं कार्यरत हैं वह अधिकतर कृषि क्षेत्र से संबंधित हैं।यदि बालिकाएं शिक्षित होती हैं और व्यवसायिक शिक्षा,प्रशिक्षण और कौशल विकास की ओर अग्रसर होती हैं तब उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार संभव है।स्वरोजगार और रोजगार एक आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का हथियार है। महिलाओं के प्रति व्यक्ति आय पुरुषों की तुलना में कम होती है क्योंकि उन्हें समान कार्य के लिए समान वेतन प्राप्त नहीं होता है और घरेलू कार्य के लिए उन्हें कोई भी धनराशि प्राप्त नहीं होती है अर्थात घरेलू सेवाएं गैर आर्थिक क्रियाएं मानी जाती हैं।सेमिनार में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0पी0के0 वाष्णेर्य ,क्षेत्रीय अधिकारी (उच्च शिक्षा) डॉ0 राजेश प्रकाश,डॉ0 दीपा अग्रवाल,डॉ0 अमित अग्रवाल,डॉ0 विनय शर्मा,डॉ0 ललित कुमार, डॉक्टर प्रदीप कुमार आदि ने अपने विचार रखे।

## एंटी रोमियों स्क्वाड द्वारा म

रामपुर (मुजाहिद खान)। पुलिस अधीक्षक शगुन गौतम के निकट पर्यवेक्षण में तथा नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रभारी एंटी रोमियो स्क्वाड कंचन टोलिया मय टीम द्वारा नगर क्षेत्र के अम्बेडकर पार्क, बापू मॉल, पंजाबी मार्किट) गांधी समाधी, चाकू बाजार, मिस्टनगंज,ज्वालानगर एवं अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर तथा थानों पर गठित एंटी रोमियों टीम द्वारा


DREAMS...
Today's Girls with Ambition are Tommorrow's Women with Perception...
जिम्मेदारी संग नारी
भर रही है उड़ान
ना कोई रुकावट
ना कोई शिकायत
ना कोई थकान!
First
EXPLOITATION
VIOLENCE
INEQUITY
OBJECTIFICATION
Poster by-Mohd Saad
B.Sc-1st year
Govt. Raza P.G. College


second
Women are going to change the world....
Deeksha Arora BSc 1st




# लड़का-लड़की का भेद मिटायें

अमृत विचार, रामपुर

राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डा.मीनाक्षी गुप्ता ने लड़कों एवं लड़कियों के लिए अलग अलग सामाजिक मानकों पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि समाज द्वारा लड़के एवं लड़कियों से अलग-अलग सामाजिक मानक तय किए जाते हैं।

कालेज में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में डा. मीनाक्षी ने कहा कि लड़कियों को नम्रता, सहनशील एवं आज्ञाकारी जबकि, लड़कों को निडर, साहसी एवं कर्मशील माना जाता है। जिससे समाज में लैंगिक भेदभाव होता है। सन्तुलित एवं सभ्य समाज के लिए घातक है। मुख्य वक्ता डा.दीपक कुमार शर्मा द्वारा समाज में लैंगिक भेदभाव को



राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेमीनार में सम्बोधित डा. मीनाक्षी गुप्ता।

उत्पन्न करने वाली कुछ रूढ़ियों का उल्लेख किया गया,बताया कि रूढ़ियाँ किस प्रकार हमारे जीवन को प्रभावित एवं संचालित करती हैं। लैंगिक भेदभाव से संबंधित कुछ प्रमुख रूढ़ियां जैसे लड़की को पराए घर का मानना, वंश वृद्धि के लिए केवल लड़के को ही महत्व देना, वृद्धावस्था में देखभाल हेतु केवल लड़के पर ही विश्वास करना इत्यादि कुछ प्रमुख प्रचलित रूढ़ियां हैं। रूढ़ियां पीढ़ी दर पीढ़ी हमारे संस्कारों में विद्यमान रहते हुए व्यक्ति के अचेतन मन में स्थान बना लेती हैं। जिससे वह अगली पीढ़ी को स्थानांतरित हो जाती हैं। कार्यक्रम का संचालन डा.प्रदीप कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन डा.अरविंद कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर डा.मुजाहिद अली, डा.जुबैर, डा.राम किशोर सागर, मानिक रस्तोगी, डा.सोमेंद्र सिंह इत्यादि प्राध्यापकों समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जिले में चला वाहन चेकिंग अभियान

## गुनगुनी धूप का लिया आनंद

# छात्राओं को दिये आत्मनिर्भर बनने के टिप्स

## रज़ा पीजी कालेज में विधिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श शीर्षक पर कार्यक्रम का आयोजन

**अ.हि. ब्यूरो, रामपुर।** राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत छात्राओं को विधिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श शीर्षक पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ अजीता रानी , प्रभारी मनोविज्ञान विभाग ने कहा कि आज स्त्रियाँ किसी भी कार्य को करने में सक्षम हैं, वो हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं।

कार्यक्रम में डॉ मीनाक्षी गुप्ता मनोविज्ञान विभाग ने कहा कि छात्राओं को मानसिक रूप से मजबूत होना चाहिए और अगर वो किसी भी तरह से प्रताड़ित और परेशान की जाती है तो इसके विरुद्ध आवाज उठाये और किसी और के प्रति भी अगर अत्याचार होते देखती है तो



रज़ा पीजी कालेज में छात्राओं को जागरूक करते विशेषज्ञ

उसको भी आवाज उठाने के लिए प्रेरित करें तथा चुप रहकर अत्यचार न सहें। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी. के. वार्ष्णेय ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान महिलाओं तथा बालिकाओं को जागरूक कर सामाजिक व मनोवैज्ञानिक दृष्टि से मजबूत बनाने के लिए है और समाज में ऐसा वातावरण पैदा करना है ताकि महिलाएं सम्मान पूर्वक जीवन जी सकें कि महिलाओं के मन एवं हृदय से डर एवं भय दूर करने के लिए और महिला सशक्तिकरण हेतु उत्तर प्रदेश शासन द्वारा मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है।कार्यक्रम के अंत में डॉ रेनू ने धन्यवाद ज्ञापित किया एवं डॉ निधि गुप्ता के द्वारा छायांकन एवं आख्या में सहयोग प्रदान किया गया।

## COMPLAINT BOX

